**<u>समुद्री राज्य/ राज्य निदेशालय (गैर-महापत्तन) में जुलाई, 2020 के दौरान और तक संभाला गया कार्गो</u>**

**<u>भारत के समुद्री राज्य/ राज्य निदेशालय में कुल कार्गो यातायात</u>**

समुद्री यातायात का कार्यकलाप विश्व अर्थव्यवस्था नामत: विश्व आउटपुट एवं व्यापार में वृद्धि में होने वाले विकास द्वारा चालित होता है। इस प्रकार पत्तनों द्वारा संभाले गए समुद्री कार्गो यातायात की मात्रा का आकार मुख्य रूप से वैश्विक एवं घरेलू दोनों गतिविधियों के स्तरों एवं परिवर्तनों पर निर्भर होता है। गैर-महापत्तनों में कार्गो यातायात अप्रैल-जुलाई, 2019-2020 के दौरान संभाले गए 202.96 मिलियन टन से **अप्रैल-जुलाई, 2020-2021 के दौरान 19.5% तक घटकर 163.29 मिलियन टन** हो गया है।

गैर-महापत्तनों में संभाला गया विदेशी कार्गो यातायात अप्रैल-जुलाई, 2019-2020 के दौरान संभाले गए 171.74 मिलियन टन से अप्रैल-जुलाई, 2020-2021 के दौरान 17.2% तक घटकर 142.12 मिलियन टन हो गया है। गैर-महापत्तनों में संभाला गया तटीय कार्गो यातायात अप्रैल-जुलाई, 2019-2020 के दौरान संभाले गए 31.22 मिलियन टन से अप्रैल-जुलाई, 2020-2021 के दौरान 32.2% तक घटकर 21.17 मिलियन टन हो गया है।

**<u>जुलाई, 2020 के दौरान पत्तनवार संभाला गया कार्गो</u>**

- गैर-महापत्तनों में जुलाई, 2020 के दौरान संभाला गया कार्गो 45.84 मिलियन टन है जिसकी वृद्धि में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 4.1% की कमी देखी जा सकती है। गैर-महापत्तन में जुलाई, 2020 के दौरान संभाला गया तटीय कार्गो यातायात जुलाई, 2019 के दौरान संभाले गए 7.03 मिलियन टन से 12.4% घटकर 6.16 मिलियन टन हो गया है। गैर-महापत्तन में जुलाई, 2020 के दौरान संभाला गया विदेशी कार्गो जुलाई, 2019 के दौरान संभाले गए 40.75 मिलियन टन से 2.6% घटकर 39.68 मिलियन टन हो गया है।
- **जुलाई, 2020** के दौरान पत्तन निदेशालय के गैर-महापत्तन में ओडिशा ने यातायात में 29.2% की सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की है इसके बाद केरल समुद्री बोर्ड के गैर-महापत्तनों (24.8%) का स्थान है। **जुलाई, 2020 में जिन समुद्री राज्य/ राज्य**


**निदेशालयों ने घाटा दर्ज किया है,** उनमें पत्तन निदेशालय, कर्नाटक (69.4%), पत्तन निदेशालय, पुदुचेरी (29.8%), तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (26.4%), आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (18.6%), पत्तन समुद्री प्रबंधन, अंडमान एवं निकोबार (13.5%), महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (6.6%) और गुजरात समुद्री बोर्ड (जीएमबी) (0.8%) शामिल हैं।

- समुद्री राज्य/ राज्य निदेशालयों में गुजरात समुद्री बोर्ड में समुद्री राज्य/ राज्य निदेशालय में संभाले गए कुल कार्गो में (68.2%) के हिस्से के साथ 31.26 मिलियन टन के अधिकतम कार्गो यातायात की संभलाई की इसके बाद आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (16.3%), पत्तन निदेशालय, ओडिशा (7.3%), महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (5.1%), तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (1.7%), पत्तन निदेशालय पुदुचेरी (1.1%) और पत्तन प्रबंधन बोर्ड, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह (0.3%) आते हैं।
- विस्तृत सामान के स्तर पर जुलाई, 2020 में **दालों को छोड़कर खाद्यान्न ने 79.8% की सर्वाधिक वृद्धि प्राप्त की है** इसके बाद लौह अयस्क (28.8%), अन्य सामान (24.8%), खाद्य तेल (20.9%), एफआरएम लिक्विड (19.7%), उर्वरक (14.7%), एलपीजी अथवा एलएनजी (11.9%), पीओएल उत्पाद (8.2%) और लोहा और इस्पात (4.1%) आदि आते हैं। जुलाई, 2020 में अन्य अयस्क एवं परियोजना कार्गो दोनों में 76.1% की अधिकतम नकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई इसके बाद निर्माण सामग्री (47.1%), अन्य कोयला (36.3%), सीमेंट (26.1%), चीनी (12.9%), पीओएल क्रूड (11.2%), कंटेनर (5.8%), थर्मल कोयला (5.1%) और कोकिंग कोयला (1.6%) आदि आते हैं।
- विस्तृत सामान के स्तर पर जुलाई, 2020 में कंटेनर ने 17.4% के हिस्से के साथ 7.98 मिलियन टन के अधिकतम कंटेनर यातायात की संभलाई की है इसके बाद पीओएल क्रूड (14.7%), पीओएल उत्पाद (13.4%), अन्य कोयला (10.9%), अन्य सामान (10.5%), लौह अयस्क पैल्लट/फाइन (8.7%), थर्मल कोयला (6.5%), कोकिंग कोयला (5.2%), एलपीजी अथवा एलएनजी (4.8%), उर्वरक (2.5%), लोहा एवं इस्पात (1.6%), सीमेंट (1.5%), खाद्य तेल (0.9%), दालों को छोड़कर खाद्यान्न (0.5%), एफआरएम लिक्विड (0.3%), चीनी एवं निर्माण सामग्री (0.2%) प्रत्येक तथा अन्य अयस्क (0.1%) आदि आते हैं।

**<u>अप्रैल-जुलाई 2020-2021 के दौरान संभाला गया कार्गो यातायात</u>**

- अप्रैल-जुलाई, 2020-2021 के दौरान पत्तन निदेशालय, ओडिशा ने 25.8% की अधिकतम वृद्धि दर्ज की है इसके बाद कैप्टन ऑफ पोर्टस्, गोवा (3.5%) का स्थान है। अप्रैल-जुलाई, 2019-2020 की तुलना में अप्रैल-जुलाई, 2020-2021 के दौरान यातायात में सबसे अधिक नकारात्मक वृद्धि दर्ज करने वाला समुद्री राज्य/ राज्य निदेशालय केरल समुद्री बोर्ड (64.3%) था इसके बाद पत्तन निदेशालय, कर्नाटक (43.8%), पत्तन प्रबंधन बोर्ड, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह (40.5%), महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (34.5%), पत्तन निदेशालय, पुदुचेरी (33.1%), तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (33.0%), आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (22.6%) और गुजरात समुद्री बोर्ड (19.5%) आते हैं। **(तालिका-1).**

**ग्राफ -1, अप्रैल-जुलाई, 2020-21 के दौरान संभाले गए कार्गो यातायात की राज्य -वार हिस्सेदारी**




- अप्रैल-जुलाई, 2020-21 के दौरान, समुद्री राज्य/ राज्य निदेशालय के बीच 66.6% के हिस्से के साथ गुजरात समुद्री बोर्ड ने 108.73 मिलियन टन की अधिकतम कार्गो संभलाई की इसके बाद आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (16.9%), पत्तन निदेशालय ओडिशा (7.5%), महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (5.6%),पत्तन निदेशालय, पुदुचेरी (1.6%), तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (1.4%), अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह तथा पत्तन निदेशालय, कर्नाटक (0.2%) प्रत्येक आते हैं। **(उपर्युक्त ग्राफ-1)**

| तालिका -1 : गैर-महापत्तन - पत्तन-वार संभाला गया कार्गो यातायात (हजार टन में) | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम सं. | पत्तन का नाम | | (जुलाई, 2019)(पी) | | (जुलाई, 2020)(पी) | | कुल योग (अप्रैल-जुलाई, 2019-20) (पी) | | कुल योग (अप्रैल-जुलाई, 2019-20) (पी) | | प्रतिशत परिवर्तन {(कॉल 10/ कॉल 6-1)* 100} |
| | | | संभाला गया कार्गो | प्रतिशत हिस्सेदारी | संभाला गया कार्गो | प्रतिशत हिस्सेदारी | संभाला गया कार्गो | प्रतिशत हिस्सेदारी | संभाला गया कार्गो | प्रतिशत हिस्सेदारी | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) |
| 1 | जीएमबी | विदेशी | 27757 | 68.1 | 28179 | 71.0 | 118825 | 69.2 | 98466 | 69.3 | -17.1 |
| | | तटीय | 3761 | 53.5 | 3082 | 50.0 | 16222 | 52.0 | 10259 | 48.5 | -36.8 |
| | | कुल | 31518 | 66.0 | 31261 | 68.2 | 135047 | 66.5 | 108725 | 66.6 | -19.5 |
| 2 | एमएमबी | विदेशी | 1107 | 2.7 | 953 | 2.4 | 7109 | 4.1 | 4362 | 3.1 | -38.6 |
| | | तटीय | 1398 | 19.9 | 1387 | 22.5 | 6885 | 22.1 | 4802 | 22.7 | -30.3 |
| | | कुल | 2504 | 5.2 | 2340 | 5.1 | 13994 | 6.9 | 9164 | 5.6 | -34.5 |
| 3 | टीएनएमबी | विदेशी | 1064 | 2.6 | 721 | 1.8 | 3447 | 2.0 | 2237 | 1.6 | -35.1 |
| | | तटीय | 4 | 0.1 | 65 | 1.1 | 49 | 0.2 | 105 | 0.5 | 112.4 |
| | | कुल | 1068 | 2.2 | 786 | 1.7 | 3496 | 1.7 | 2342 | 1.4 | -33.0 |
| 4 | गोवा | विदेशी | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0.0 |
| | | तटीय | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 2 | 0.0 | 2 | 0.0 | 3.5 |
| | | कुल | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 2 | 0.0 | 2 | 0.0 | 3.5 |
| 5 | केएमबी | विदेशी | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0.0 |
| | | तटीय | 4 | 0.1 | 5 | 0.1 | 56 | 0.2 | 20 | 0.1 | -64.3 |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल | 4 | 0.0 | 5 | 0.0 | 56 | 0.0 | 20 | 0.0 | -64.3 |
| 6 | पुडुचेरी | विदेशी | 714 | 1.8 | 501 | 1.3 | 3832 | 2.2 | 2564 | 1.8 | -33.1 |
| | | तटीय | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0.0 |
| | | कुल | 714 | 1.5 | 501 | 1.1 | 3832 | 1.9 | 2564 | 1.6 | -33.1 |
| 7 | आंध्रप्रदेश | विदेशी | 7725 | 19.0 | 6319 | 15.9 | 29601 | 17.2 | 23178 | 16.3 | -21.7 |
| | | तटीय | 1458 | 20.7 | 1154 | 18.7 | 6143 | 19.7 | 4471 | 21.1 | -27.2 |
| | | कुल | 9183 | 19.2 | 7472 | 16.3 | 35743 | 17.6 | 27649 | 16.9 | -22.6 |
| 8 | अं &नि द्वीपसमूह | विदेशी | 1 | 0.0 | 27 | 0.1 | 29 | 0.0 | 47 | 0.0 | 63.9 |
| | | तटीय | 134 | 1.9 | 90 | 1.5 | 630 | 2.0 | 345 | 1.6 | -45.2 |
| | | कुल | 135 | 0.3 | 116 | 0.3 | 659 | 0.3 | 392 | 0.2 | -40.5 |
| 9 | कर्नाटक | विदेशी | 53 | 0.1 | 15 | 0.0 | 325 | 0.2 | 166 | 0.1 | -48.9 |
| | | तटीय | 16 | 0.2 | 6 | 0.1 | 122 | 0.4 | 85 | 0.4 | -30.3 |
| | | कुल | 69 | 0.1 | 21 | 0.0 | 447 | 0.2 | 251 | 0.2 | -43.8 |
| 10 | उड़ीसा | विदेशी | 2327 | 5.7 | 2962 | 7.5 | 8570 | 5.0 | 11094 | 7.8 | 29.5 |
| | | तटीय | 253 | 3.6 | 372 | 6.0 | 1107 | 3.5 | 1083 | 5.1 | -2.2 |
| | | कुल | 2581 | 5.4 | 3334 | 7.3 | 9677 | 4.8 | 12178 | 7.5 | 25.8 |
| **कुल** | | **विदेशी** | **40748** | **85.3** | **39677** | **86.6** | **171737** | **84.6** | **142115** | **87.0** | **-17.2** |
| | | **तटीय** | **7027** | **14.7** | **6159** | **13.4** | **31218** | **15.4** | **21172** | **13.0** | **-32.2** |
| | | **कुल** | **47775** | **100.0** | **45837** | **100.0** | **202955** | **100.0** | **163288** | **100.0** | **-19.5** |

**स्रोत :- पोर्ट डाटा मेनेजमेंट पोर्टल, पोत परिवहन मंत्रालय**

**(पी) प्रोविजनल**

- अप्रैल-जुलाई, 2020-2021 के दौरान दालों को छोड़कर खाद्यान्न 68.6% की अधिकतम वृद्धि दर्ज की है इसके के बाद चीनी (20.9%), खादय् तेल (18.1%), एफआरएम लिक्विड (10.6%) और लोहा एवं इस्पात (4.5%) आते हैं। अप्रैल-जुलाई, 2019-2020 की तुलना में अप्रैल-जुलाई, 2020-2021 के दौरान परियोजना कार्गो ने यातायात में 64.7% की सबसे अधिक नकारात्मक वृद्धि दर्ज की है इसके बाद निर्माण सामग्री (51.7%), सीमेंट (47.7%), अन्य कोयला (41.4%), थर्मल कोयला (40.5%), पीओएल क्रूड (22.1%), कोकिंग कोयला (21.5%), अन्य अयस्क (20.8%), कंटेनर (18.0%), दलहन (15.2%), लौह अयस्क पैल्लट/ फाइन (6.4%), अन्य सामान (4.0%), एलपीजी/एलएनजी (3.6%), उर्वरक (2.6%) और पीओएल उत्पाद आते हैं। **(तालिका-2).**
- सभी सामानों के संबंध में अप्रैल-जुलाई 2020-2021 के दौरान पत्तनों में अधिकतम संभलाई किया गया सामान कंटेनर था जो 16.5% के हिस्से के साथ 26.96 मिलियन टन रहा इसके बाद पीओएल क्रूड (15.4%), पीओएल उत्पाद (13.6%), अन्य कोयला (11.7%), अन्य सामान (11.2%), लौह अयस्क/ पैल्लट (7.6%), थर्मल कोयला (6.5%), कोकिंग कोयला (5.0%), एलपीजी एवं एलएनजी (4.7%), उर्वरक (2.4%), लोहा और इस्पात (1.6%), सीमेंट (1.3%), खाद्य तेल (0.7%), दालों को छोड़कर खाद्यान्न (0.5%), चीनी (0.4%), अन्य अयस्क और एफआरएम लिक्विड (0.3%) प्रत्येक तथा दालें और निर्माण सामग्री (0.1%) प्रत्येक आते हैं।

**तालिका-2: गैर-महापत्त्नों में कार्गो यातायात की वस्तु-वार वृद्धि**

**(हजार टन में)**

| वस्तु | (जुलाई, 2019)(पी) | | (जुलाई, 2020)(पी) | | कुल योग (अप्रैल-जुलाई, 2019-20) (पी) | | कुल योग (अप्रैल-जुलाई, 2019-20) (पी) | | प्रतिशत परिवर्तन {(कॉल8/काल 6-1)*100} |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | संभाला गया कार्गो | प्रतिशत हिस्सेदारी | संभाला गया कार्गो | प्रतिशत हिस्सेदारी | संभाला गया कार्गो | प्रतिशत हिस्सेदारी | संभाला गया कार्गो | प्रतिशत हिस्सेदारी | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पीओएल क्रूड | 7605 | 15.9 | 6754.3 | 14.7 | 32261 | 15.9 | 25138 | 15.4 | -22.1 |
| पीओएल उत्पाद | 5656 | 11.8 | 6122.9 | 13.4 | 22365 | 11.0 | 22268 | 13.6 | -0.4 |
| एलपीजी या एलएनजी | 1987 | 4.2 | 2222.8 | 4.8 | 7996 | 3.9 | 7706 | 4.7 | -3.6 |
| खाद्य तेल | 353 | 0.7 | 426.6 | 0.9 | 996 | 0.5 | 1176 | 0.7 | 18.1 |
| एफआरएम-लिक्विड | 118 | 0.2 | 141.5 | 0.3 | 473 | 0.2 | 523 | 0.3 | 10.6 |
| लौह अयस्क पेलेट्स /फाइन | 3113 | 6.5 | 4008.9 | 8.7 | 13194 | 6.5 | 12345 | 7.6 | -6.4 |
| अन्य अयस्क | 179 | 0.4 | 42.6 | 0.1 | 690 | 0.3 | 546 | 0.3 | -20.8 |
| थर्मल कोयला | 3133 | 6.6 | 2974.5 | 6.5 | 17744 | 8.7 | 10564 | 6.5 | -40.5 |
| कोकिंग कोयला | 2407 | 5.0 | 2367.2 | 5.2 | 10393 | 5.1 | 8160 | 5.0 | -21.5 |
| अन्य कोयला | 7826 | 16.4 | 4987.9 | 10.9 | 32484 | 16.0 | 19050 | 11.7 | -41.4 |
| उर्वरक | 1002 | 2.1 | 1149.2 | 2.5 | 4089 | 2.0 | 3983 | 2.4 | -2.6 |
| एफआरएम-शुष्क | 0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 22 | 0.0 | 0 | 0.0 | -100.0 |
| दालों को छोड़कर खाद्यान्न | 139 | 0.3 | 249.3 | 0.5 | 454 | 0.2 | 765 | 0.5 | 68.6 |
| दालें | 37 | 0.1 | 0.0 | 0.0 | 98 | 0.0 | 83 | 0.1 | -15.2 |
| चीनी | 115 | 0.2 | 99.9 | 0.2 | 574 | 0.3 | 694 | 0.4 | 20.9 |
| सीमेंट | 905 | 1.9 | 668.8 | 1.5 | 4079 | 2.0 | 2131 | 1.3 | -47.7 |
| लौहा तथा इस्पात | 699 | 1.5 | 727.5 | 1.6 | 2449 | 1.2 | 2558 | 1.6 | 4.5 |
| परियोजना कार्गो | 22 | 0.0 | 5.3 | 0.0 | 104 | 0.1 | 37 | 0.0 | -64.7 |
| निर्माण सामग्री | 134 | 0.3 | 71.1 | 0.2 | 502 | 0.2 | 242 | 0.1 | -51.7 |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कंटेनर | टन | 8472 | 17.7 | 7981.6 | 17.4 | 32870 | 16.2 | 26958 | 16.5 | -18.0 |
| | टीईयू* | 237 | 0.5 | 567.3 | 1.2 | 902 | 0.4 | 1078 | 0.7 | 19.4 |
| अन्य | | 3875 | 8.1 | 4835.0 | 10.5 | 19119 | 9.4 | 18360 | 11.2 | -4.0 |
| **कुल** | | **47776** | **100.0** | **45837** | **100.0** | **202955** | **100.0** | **163288** | **100.0** | **-19.5** |


**स्रोत :- पोर्ट डाटा मेनेजमेंट पोर्टल, पोत परिवहन मंत्रालय**

**टिप्पणी:*००० अंकों में (पी) प्रोविजनल**

## **अप्रैल-जुलाई, 2020-2021 के दौरान संभाला गया विदेशी एवं तटीय कार्गो**


- अप्रैल-जुलाई, 2020-21 के दौरान गैर-महापत्तनों में, गुजरात समुद्री बोर्ड ने 69.3% के हिस्से के साथ 98.47 मिलियन टन के अधिकतम विदेशी कार्गो की संभलाई की इसके बाद आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (16.3%), पत्तन निदेशालय ओडिशा (7.8%), महाराष्ट्र समुदी बोर्ड (3.1%), पुदुचेरी (1.8%), टीएनएमबी (1.6%) और पत्तन निदेशालय, कर्नाटक (0.1%) आते हैं। **(ग्राफ-2)**

ग्राफ **2. अप्रैल-जुलाई, 2020-2021** के दौरान संभाले गए विदेशी कार्गो की राज्य-वार हिस्सेदारी




- अप्रैल-जुलाई, 2020-2021 के दौरान गैर-महापत्तनों में, 48.5% हिस्से के साथ जीएमबी ने 10.26 मिलियन टन के अधिकतम तटीय कार्गो की संभलाई की इसके बाद, एमएमबी (22.7%), आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (21.1%), पत्तन निदेशालय ओडिशा (5.1%), अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह (1.6%), टीएनएमबी (0.5%), पत्तन निदेशालय, कर्नाटक (0.4%) और केरल समुद्री बोर्ड (केएमबी) (0.1%) प्रत्येक आते हैं। **(ग्राफ-3)**

**ग्राफ 3. अप्रैल-जुलाई, 2020-2021 के दौरान संभाले गए तटीय कार्गो की राज्य-वार हिस्सेदारी**




*************